हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 14 जुलाई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य में 30 भारतीय नाविकों को ले जा रहे दो जहाजों पर हुए हमले के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के प्रबंधन के लिए रेल भूमि पोर्टल लॉन्च किया जाएगा।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा - निर्माण कार्यों में निम्न गुणवत्ता या नियमों की अनदेखी मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।
- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने तेल और ऊर्जा के कम होते स्रोतों और पर्यावरण संरक्षण के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को जरूरी बताया।
- हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने लाडवा अनाज मंडी से "स्वच्छता ही स्वागत" अभियान का शुभारंभ किया।

----------------

भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य में 30 भारतीय नाविकों को ले जा रहे दो जहाजों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने आज सुबह नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास के उप मिशन प्रमुख को तलब किया और इन हमलों के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि एमटी अल बहिया पर सवार 12 भारतीय नागरिकों में से एक की मृत्यु हो गई है और एक घायल हो गया है। एमटी मोम्बासा पर सवार 18 भारतीय नागरिकों में से नौ घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। मंत्रालय ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

----------------

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उस वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गोमांस उत्पादक देश है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्यभ जांच ईकाई ने कहा कि यह दावा फर्जी है और प्रधानमंत्री ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है।

----------------

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया के प्रबंधन के लिए रेल भूमि पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से किए गए सुधारों पर नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने निर्माण क्षेत्र सहित कई सुधार किए हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि अब कंटेनरों में उर्वरकों का परिवहन किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि बिजली संयंत्रों में उत्पन्न होने वाली फ्लाई ऐश को अब कंटेनरों में भेजा जाएगा।

*अगर हम फ्लाई-ऐश का एक अच्छा ट्रांसपोर्टेशन मेकैनिज्म बना सकते हैं, तो देन वी कैन यूस फ्लाई-ऐश इन इकोनामिक वे। सीमेंट में, प्रोडक्शन में यूस कर सकते हैं या फिर रोड कंस्ट्रक्शन या किसी दूसरे कंस्ट्रक्शन में हम काम में ले सकते हैं। अभी तक क्या चैलेंज आता था रेल ट्रांसपोर्टेशन में जब उसको वैगन में भरते हैं तो फ्लाई-ऐश तो एक बहुत फाइन होने से उसको लोड करने के टाइम में बड़ा पोल्यूशंस होता था। सो डेटस वाय वी बरोट दिस रिफॉर्म। फ्लाई-ऐश के लिए स्पेशल कंटेनर डिजाइन किया है।*

----------------

भारत का सबसे बड़ा वैश्विक वस्त्र कार्यक्रम, भारत टेक्स 2026 आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुआ। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने आज इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि भारत टेक्स प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि यह अब एक अंतर्राष्ट्रीय आयोजन बन चुका है और हर साल इसमें प्रदर्शकों, खरीदारों, विक्रेताओं और आगंतुकों की संख्या में वृद्धि हुई है।

*दुनिया के 130 देशों से ऊपर बायर आए हैं। अभी मोदी जी ने 56 देशों से एफटीए हो रहा है, कुछ से हो गया है, कुछ से बाकी है। यह बताता है कि आज 60 हजार से ऊपर एक्जीबिटर्स आएं हैं और सबसे बड़ी खासियत है इस एक्सपो में 90% एमएसएमई आए हैं। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि इस बार जो बायर आ रहे हैं यह सारे दुनिया के रिकॉर्ड को तोड़ेंगे।*

इस कार्यक्रम में 14 देशों के अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शक हिस्सा् ले रहे हैं।उद्घाटन समारोह में वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और विभिन्न राज्यों के वस्त्र मंत्रियों ने भी भाग लिया।

---------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में होने वाले सभी सरकारी निर्माण कार्य तय मानकों के अनुसार पूरे होने चाहिए।

मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण-QAA द्वारा सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और विभिन्न विभागों में किए जा रहे तकनीकी ऑडिट की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भवनों विशेषतौर पर सड़कों पर परत बिछाने जैसे कामों में टेंडर में लिखे पैमाने की हर हाल में पालना हो। निर्माण कार्य में कहीं भी लापरवाही, निम्न गुणवत्ता या नियमों की अनदेखी मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---------------

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा है कि तेल और कोयले के कम होते स्त्रोतों और पर्यावरण संरक्षण के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाना समय की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों को बढ़ावा दे रहे हैं। श्री मोदी इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए 17 जुलाई को हरियाणा के जींद से पहली हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन कर देश को वैकल्पिक ऊर्जा का एक और स्त्रोत देने जा रहे हैं।

----------------

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने "स्वच्छता ही स्वागत" अभियान के तहत आज लाडवा की अनाज मंडी में विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।इस अवसर पर श्री मति सुमन सैनी ने सभी से स्वच्छता को बढ़ावा देंने की अपील की।

इससे पूर्व सुमन सैनी ने बाबा बंदा सिंह बहादुर गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका और संगत को 17 जुलाई को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद दौरे के दौरान कुरुक्षेत्र को सिख संग्रहालय की सौगात मिलेगी।

----------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरियाणा आगमन को लेकर आज कुरुक्षेत्र में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा और स्वच्छ भारत मिशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने स्वच्छता से स्वागत अभियान की शुरुआत की। उन्होंने लघु सचिवालय के बाहर खुद झाड़ू लगाया और नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, नगर पार्षदों व आम नागरिकों ने मिलकर सफाई अभियान चलाया।

मीडिया से बातचीत में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री का हरियाणा में स्वच्छता से स्वागत किया जाएगा।

----------------

भारतीय सेना में कार्यरत ज्ञानेंद्र उपाध्याय के साथ पंचकूला के मुख्यालय पश्चिमी कमान में रहने वाले उनके 5 वर्ष 2 माह के पुत्र, बाल पर्यावरण प्रेमी रुद्रांश उपाध्याय ने अब तक 1455 पौधे लगा कर मिसाल पेश की है। मूलत: वाराणसी निवासी  रुद्रांश ने बताया कि इनमें से 1427 पौधे जीवित एवं  संरक्षित हैं और विकसित हो रहे हैं। उसके द्वारा अधिकांश पौधे पंचकूला, चंडीगढ़ एवं चंडीमंदिर छावनी में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए हैं।

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित वृक्ष मित्र कार्यक्रम में उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ पौधारोपण किया। उसके उत्कृष्ट पर्यावरणीय योगदान के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उसे सम्मानित भी किया गया।

----------------

हरियाणा सरकार ने दिव्यांग  विद्यार्थियों के लिए शिक्षा ऋण योजना लागू की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि योजना के तहत हरियाणा पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम के माध्यम से पात्र दिव्यांग विद्यार्थियों को भारत और विदेश के शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए 50 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का लाभ भारत के साथ-साथ विदेशों में अध्ययन करने वाले पात्र विद्यार्थियों को भी मिलेगा।

-------------